कार्यालय सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

निविदा सं0/14 /प्रबन्ध/ 1402 /2019–20 दिनांक : 01 जनवरी, 2020

(प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं की रद्दी, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र, कटे–फटे टाट/बोरे, फोटोयुक्त आवेदन पत्र एवं रद्दी (स्वीप) 2019 हेतु ई–निविदा नोटिस)

निविदा प्रपत्र का मूल्य :– रू0 300=00
जी0एस0टी0 18% :– रू0 54=00
कुल मूल्य :– रू0 354=00

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा वर्ष 2019 की प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं की रद्दी, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र, कटे–फटे टाट/बोरे, फोटोयुक्त आवेदन पत्र एवं रद्दी (स्वीप) की बिक्री के प्रयोजन हेतु **पुनः ई–निविदा उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट www.uktenders.gov.in** में दी गई शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है–

क्र0 स0	सामग्री का विवरण	अनुमानित भार (कुन्तल में)	कार्य पूर्ति प्रतिभूति धरोहर की धनराशि
1	हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा 2019 में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं की रद्दी	912.00 कु0	रू0 2,50,000.00 (रू0 दो लाख पच्चास हजार मात्र)
2	हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा 2019 में प्रयुक्त फोटोयुक्त आवेदन पत्रों की रद्दी	24.00 कु0	
3	हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा 2019 में प्रयुक्त ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र, गोपनीय–06 एवं गोपनीय–02 की रद्दी	31.00 कु0	
4	हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा 2019 में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डलों के कटे–फटे टाट–बोरे इत्यादि	05.00 कु0	
5	अन्य रद्दी (स्वीप)	48.00 कु0	

(A) ई–टेण्डरिंग की निर्धारित साइट पर अपनी दरें अपलोड करने की तिथि 03–01–2020 से (शुक्रवार)
(B) निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय 16–01–2020 अपराह्न 05.00बजे तक (गुरूवार)
(C) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हॉर्ड कॉपी जमा करने की तिथि व समय 17–01–2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक (शुक्रवार)
(D) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय 17–01–2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे (शुक्रवार)
(E) वित्तीय भाग खोलने की तिथि 17–01–2020 तकनीकी निविदा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त

निविदा की प्रमुख शर्ते :–

क– निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा तभी फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

ख – निविदादाता द्वारा वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्ड कापी भी सीलबन्द लिफाफे में निर्धारित तिथि व समय पर परिषद् कार्यालय में जमा करनी होंगी। जो निविदादाता/फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा नियमानुसार स्वीकार नहीं की जायेगी।

ग – निविदा के साथ निर्धारित धरोहर प्रतिभूति की धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/पो0आ0एफ0डी0/एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट के रूप में **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक** बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

घ – **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 (जनपद नैनीताल) में देय हो जमा करना अनिवार्य है**, रामनगर से अन्यत्र बैंक शाखा का कदापि मान्य नहीं होगा।

ड.– निर्धारित निविदा फार्म शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **तकनीकी निविदा के साथ अलग लिफाफे** में पृथक से जमा करना होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

च– निविदादाता फर्म को यह प्रमाण पत्र देना होगा कि उसके फर्म या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के विरूद्ध माननीय न्यायालय में अथवा भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के तहत कोई दण्ड अथवा जाँच की प्रक्रिया गतिमान/विचाराधीन नहीं है। **(स्व हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र संलग्न करें)**

छ– नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

ज– जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मो की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

झ– परिषद के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ञ– ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को On Line Upload करने के लिए निविदा की विस्तृत नियम, निर्देश, शर्ते एवं आवेदन पत्र वेबसाइट www.uktenders.gov.in से Download कर सकते हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।
1.01.2020